# पाठ - 2 मेरे संग की औरतें

## लेखक परिचय

### मृदुला गर्ग

**जन्म :-** 25 अक्टूबर 1938

**स्थान :-** कलकत्ता

**रचनाएँ :-** उनके हिस्से की धूप, अनित्य, चित्तकोबरा कठगुलाब, मिलजुल मन, वंशज।

**कहानी संग्रह :-** संगति- विसंगति (दो खंडों में संपूर्ण कहानियाँ)

**निबंध संग्रह :-** रंग-ढंग, चुकते नहीं सवाल

**पुरस्कार :-** समग्र साहित्य के लिए सन् 1988-89 का हिंदी अकादमी द्वारा साहित्यकार सम्मान। 'मिलजुल मन' के लिए 2013 के 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार ।

## पाठ परिचय

यह एक नए प्रकार की शैली में लिखा हुआ संस्मरणात्मक गद्य है। परंपरागत तरीके से जीते हुए भी लीक से हटकर कैसे जिया जा सकता है, यह पाठ ऐसी औरतों पर केंद्रित है।

इस संस्मरण में लेखिका ने चार पीढ़ी की औरतों का वर्णन किया है। लेखिका की परदादी, नानी, दादी, माँ, अपने भाई - बहनों एवं अपना जिक्र इसमें उन्होंने किया है।उनके व्यक्तित्व उनकी आदतों व उनके विचारों के बारे में विस्तार से बात की है।लेखिका के परिवार की औरतें परंपरागत तरीके से जीते हुए भी लीक से हटकर अपना जीवन जीते हैं। इसमें एक ऐसे परिवार के बारे में बताया गया है जहां लड़का - लड़की में कोई भेदभाव नहीं किया जाता। लेखिका के जीवन पर उसकी मां दादी तथा उसकी बहनों का विशेष प्रभाव पड़ा।

## पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

**1. लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे क्यों प्रभावित थीं?**

**उत्तर-** लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं, किंतु उनके बारे में सुना अवश्य था फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे प्रभावित थीं इसका निम्न कारण है:-

(क) लेखिका की नानी अपनी बेटी का विवाह एक क्रांतिकारी से करने की इच्छुक थी । इसलिए जीवन के अंतिम दिनों में प्रसिद्ध क्रांतिकारी प्यारेलाल शर्मा से भेंट की थी। उसमें उन्होंने यह इच्छा प्रकट की थी कि वे अपनी बेटी की शादी क्रांतिकारी से करवाना चाहती है इस घटना से उनका देश के प्रति अटूट प्रेम का पता चलता है।

(ख) जीवन भर परदे में रहते हुए भी उन्होंने अपनी बेटी की भलाई के लिए परदे का लिहाज छोड़कर पर - पुरुष ( अपने पति के मित्र स्वतंत्रता सेनानी प्यारेलाल शर्मा) से मिलने की हिम्मत की। इससे उनके साहसी व्यक्तित्व स्वतंत्रता की भावना का पता चलता है।

(ग) लेखिका की नानी पारंपरिक, अशिक्षित तथा परदे में रहने वाली महिला होते हुए भी अपनी निजी जिंदगी में वे आजाद विचारों वाली महिला थीं। उन्होंने विलायती ढंग से जीवन व्यतीत करने वाले बैरिस्टर पति के विचारों का अनुकरण नहीं किया बल्कि अपने हिसाब से अपना जीवन बिताया।

**2. लेखिका की नानी ने आजादी के आंदोलन में किस प्रकार भागीदारी की ?**

**उत्तर-** लेखिका की नानी ने आजादी के आंदोलन में प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया था, पर आजादी के आंदोलन में उनका अप्रत्यक्ष योगदान अवश्य था। वे अनपढ़ परदानशीं औरत थी , उनके मन में आजादी के प्रति जुनून था। उनके पति अंग्रेजों के भक्त थे लेकिन उन्होंने उनका अनुकरण नहीं किया। मौत के नजदीक पहुँचने पर उन्होंने अपने पति के मित्र स्वतंत्रता सेनानी प्यारेलाल शर्मा को बुलवाया और अपनी बेटी की शादी क्रांतिकारी से करने की इच्छा व्यक्त की जिससे उनकी देशप्रेम की भावना का पता चलता है। उनका सबसे बड़ा योगदान यह है कि इस विवाह की घटना से एक उदाहरण प्रस्तुत किया और देश के क्रांतिकारियों को भी बड़ी प्रेरणा प्रदान की कि अन्य लोग भी इस कार्य में उनके साथ हैं।

**3. लेखिका की माँ परंपरा का निर्वाह न करते हुए भी सबके दिलों पर राज करती थी इस कथन के आलोक में-**

**(क) लेखिका की माँ के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तर-** लेखिका की माँ सुंदर, नाज़ुक और स्वतंत्र विचारों वाली महिला थी। वे ईमानदारी और निष्पक्षता से घुली - मिली थी हर महत्वपूर्ण काम के लिए उनकी राय जरूर माँगी जाती थी और पत्थर की लकीर की तरह निभाई जाती थी। लेखिका की माँ को आज़ादी का भरपूर जुनून था और वे उसे अपने तरीके से भरपूर निभाती रहीं। वे अन्य भारतीय माँ जैसी नहीं थी उन्होंने अपने बच्चों को न कभी लाड़ किया, न उनके लिए खाना पकाया और न अच्छी पत्नी- बहू होने की सीख दी। उनका ज्यादा समय किताबें पढ़ने में बीतता था, बाकी वक्त साहित्य चर्चा या संगीत सुनने में बीतता था। उनके मान-सम्मान के दो प्रमुख कारण थे- पहला वे कभी झूठ नहीं बोलती थीं और दूसरा एक की गोपनीय बात को दूसरे पर जाहिर नहीं होने देती थीं। पहले के कारण उन्हें घरवालों का आदर मिला हुआ था, दूसरे के कारण बाहरवालों की दोस्ती।

**(ख) लेखिका की दादी के घर के माहौल का शब्द चित्र अंकित कीजिए।**

**उत्तर-** लेखिका की दादी के घर का माहौल उस समय की प्रचलित मान्यताओं से काफी अलग था। घर के सब लोगों को अपनी मर्जी के अनुसार चलने की आजादी थी।घर में पुत्र - पुत्री में भेदभाव नहीं किया जाता था । दादी ने अपने पुत्रवधू के गर्भवती होने पर बेटी पैदा होने की कामना की थी । घर में स्त्रियों को आदर - सम्मान दिया जाता था । लेखिका की माँ को परिवार भर के लोग मानते थे । परिवार का वातावरण धार्मिक था स्वयं दादी नियमित रूप से मंदिर जाया करती थी उनके परिवार में साहित्यिक माहौल था।

**4. आप अपनी कल्पना से लिखिए की परदादी ने पतोहू के लिए पहले बच्चे के रूप में लड़की पैदा होने की मन्नत क्यों माँगी?**

**उत्तर-** लेखिका की दादी स्वतंत्र विचारों वाली और साहसी महिला थी। उन्हें लीक से अलग हटकर चलने की आदत थी। वे लड़कियों को लड़कों के समान ही मानती थी जो कि उनकी मन्नत से साबित हो गया । उस समय उन्होंने समाज में लड़कियों के प्रति सम्मान की भावना जगाने के लिए एवं समान हक दिलाने के लिए स्वयं के घर से ही शुरुआत की।

**5. डराने - धमकाने , उपदेश देने या दबाव डालने की जगह सहजता से किसी को भी सही राह पर लाया जा सकता है पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए।**

**उत्तर-** डराने-धमकाने, उपदेश देने या दबाव डालने की जगह सहजता से किसी को भी सही राह पर लाया जा सकता है। यह कथन इस पाठ ने बिल्कुल सत्य कर दिखाया है। पाठ में माँ जी को जब पता चला कि उनके कमरे में चोर है, तो भी उन्होंने उसके साथ बहुत सामान्य अच्छा व्यवहार किया और उसे पूरे एहतियात के साथ कुएँ से पानी भरकर लाने को कहा। माँ जी ने लोटे का आधा पानी खुद पीकर , बाकी चोर को पिला दिया और कहा " एक लोटे से पानी पीकर हम माँ - बेटे हुए अब बेटा, चाहे तो चोरी कर चाहे खेती।" चोर ने कभी भी अपने जीवन में इतना सम्मान नहीं पाया था इस व्यवहार से चोर का हृदय परिवर्तन हो गया । उसने हमेशा के लिए चोरी छोड़ दी और खेती अपना ली।

**6. ' शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है ' - इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर-** लेखिका का मानना था कि शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है। लेखिका कर्नाटक के छोटे से कस्बे बागलकोट में रहती थी उस समय वहाँ ढंग का कोई विद्यालय न था। उसने कैथोलिक बिशप से स्कूल खोलने का अनुरोध किया, किंतु वे स्कूल नहीं खोलना चाहते थे क्योंकि वहाँ क्रिश्चियन जनसंख्या कम थी।लेखिका सभी की शिक्षा की पक्षपाती थी। उसने अपनी कोशिशें तथा कुछ उत्साही लोगों की मदद से ऐसा विद्यालय खोला जिसमें बच्चों को अँग्रेजी, हिंदी तथा कन्नड़ तीनों भाषाएँ पढ़ाई जाती थी। लेखिका ने इस विद्यालय को कर्नाटक सरकार से मान्यता भी दिलाई।

**7. पाठ के आधार पर लिखिए कि जीवन में कैसे इंसानों को अधिक श्रद्धा भाव से देखा जाता है?**

**उत्तर-** प्रस्तुत पाठ के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ऊँची निस्वार्थ भावना वाले दृढ़ संकल्पी लोगों को श्रद्धा से देखा जाता है। जो लोग कभी झूठ नहीं बोलते और सच का साथ देते हैं जो किसी भी बात को इधर-उधर नहीं करते। जिनके इरादे मजबूत होते हैं जो हीन भावना से ग्रसित नहीं होते तथा जिनका व्यक्तित्व सरल सहज एवं पारदर्शी होता है उन्हें पूरा समाज श्रद्धा भाव से देखता है।

**8. 'सच , अकेलेपन का मजा ही कुछ और है' इस कथन के आधार पर लेखिका की बहन एवं लेखिका के व्यक्तित्व के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए।**

**उत्तर-** "सच अकेलेपन का मजा ही कुछ और है।" इस कथन के आधार पर ज्ञात होता है कि लेखिका और उनकी बहन दोनों दृढ़ निश्चयी एवं ज़िद्दी स्वभाव की थी और वे अपने इस स्वभाव का आनंद भी उठाती हैं। लेखिका के पिता ने उनको लाने के लिए एक गाड़ी लगा रखी थी पर रेणु गरमी में भी उस गाड़ी में नहीं आती थी वे पैदल चलकर आती थी। दिल्ली में थोड़ा पानी बरसते ही वहाँ के नाले - परनालों में बाढ़ आ जाती है, पुलों के नीचे पानी भर जाता है तमाम यातायात बंद हो जाता है। इसी तरह एक बार नौ इंच की बारिश में रेणु की स्कूल की बस भी उसे लेने नहीं आई । रेणु घरवालों के मना करने पर भी पानी में स्कूल गई और स्कूल बंद देखकर लौट आई।

लेखिका बिहार के एक छोटे कस्बे डालमिया में रहीं वहाँ रहकर उन्होंने लोगों के बीच जागृति पैदा की। जो औरतें पति के साथ पिक्चर देखने में भी अलग-अलग दड़बों में बैठती थी उन्हीं औरतों को पराए मर्दो के साथ नाटक करने के लिए मना लिया और उन्हीं नाटकों के जरिए अकाल राहत कोष के लिए पैसा भी इकट्ठा किया। कर्नाटक के छोटे कस्बे बागलकोट में रहते हुए उन्होंने अपने प्रयास से बच्चों के लिए अँग्रेजी - हिंदी - कन्नड़ तीन भाषाएँ पढ़ाने वाला प्राइमरी स्कूल खोला और मान्यता भी दिलाई।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 'मेरे संग की औरतें' पाठ के लेखक कौन हैं?**

a. मंजुल भगत b. मृदुला गर्ग
c. महादेवी वर्मा d. रेणु

**2. लेखिका के घर का नाम क्या था?**

a. उमा b. रमा
c. रेणु d .मंजुल भगत

**3. लेखिका से छोटी बहन का क्या नाम था?**

a. गौरी b. चित्रा
c. गौरी और चित्रा दोनों d. रेणु

**4. लेखिका की नानी का व्यक्तित्व कैसा था?**

a. पर्दानशीं b. अनपढ़
c. पारंपरिक और देशभक्त d. इनमें से सभी

**5. " हम हाथी पे हल ना जुतवाया करते, हम पे बैल हैं। " यह कथन किसका है?**

a. लेखिका की दादी b. लेखिका की नानी

c. लेखिका के पिताजी d. इनमें से कोई नहीं

**6. 'फजल' का क्या अर्थ है?**

a. अनुग्रह b. दया

c. अनुग्रह और दया दोनों d. इनमें से कोई नहीं

**7. लेखिका की सबसे छोटी बहन का क्या नाम था?**

a. मंजुल b. रेणु

c. चित्रा d. अचला

**8. लेखिका की माँ कैसे व्यक्ति को सही रास्ते पर लेकर आई?**

a. एक भ्रष्टाचारी व्यक्ति को b. एक शराबी को

c. एक चोर को d. इनमें से कोई नहीं

**9. शादी के बाद लेखिका बिहार के किस कस्बे में रहीं?**

a. औरंगाबाद b. आरा

c. छपरा d. डालमिया नगर

**10. लेखिका की नानी ने अपनी पुत्री की शादी किससे करनी चाही?**

a. सरकारी नौकरी वाले से

b. स्वतंत्रता सेनानी से

c. किसान से

d. बिजनेसमैन से

**11. 'अपरिग्रह' शब्द का क्या अर्थ है?**

a. संग्रह न करना

b. किसी से कुछ ग्रहण न करना

c. ग्रह से बाहर

d. a और b दोनों

**12. लेखिका की कितनी बहनें थीं?**

a. एक b. चार

c. छः d. इनमें से कोई नहीं

**13. लेखिका की नानी ने अपनी बेटी के लिए वर ढूँढने की जिम्मेदारी किसे दी?**

a. प्यारेलाल शर्मा को b. लेखिका के नाना को

c. लेखिका के मामा को d. इनमें से कोई नहीं

**14. लेखिका के पिता को किस परीक्षा में बैठने के लिए रोक दिया गया था?**

a. आई पी एस b. आई ए एस

c. आई सी एस d. इनमें से कोई नहीं

**15. लेखिका के भाई का क्या नाम है?**

a. मोहन b. अंकित

c. सुमित d. राजीव

**16. लेखिका की बहन अचला किस भाषा में लिखती है?**

a. हिंदी b. अंग्रेजी

c. संस्कृत d. कन्नड़

**17. 'मुँहजोर' का क्या अर्थ है?**

a. कम बोलने वाली

b. बहुत बोलने वाली

c. बिल्कुल ना बोलने वाली

d. इनमें से कोई नहीं

**18. 'फरमाबदार' शब्द का क्या अर्थ है?**

a. आज्ञाकारी b. ईमानदारी

c. बेईमान d. एहसान फरामोश

**19. पहरेदार ने चोर को कहां देख लिया था?**

a. घर के बाहर b. घर के अंदर

c. कुएँ पर d. सड़क पर

**20. किस बीमारी के कारण लेखिका आजादी का जश्न देखने के लिए नहीं जा पाई?**

a. टाइफाइड b. मलेरिया

c. डेंगू d. हैजा

**21. आजादी के समय लेखिका की उम्र लगभग कितने वर्ष की थी?**

a. पाँच b. सात

c. आठ d. नौ

**22. "नहीं चाहिए मैं तो रोज नहाती हूँ" इत्र भेंट करने पर यह कथन किसने कहा?**

a. मृदुला गर्ग b. चित्रा

c. रेणु d. मंजुल भगत

**23. लेखिका की नानी की कितनी बेटियाँ थी?**

a. 2 b. 5

c. 6 d. 1

**24. किसके समझाने पर एक चोर का हृदय परिवर्तन हो गया?**

a. नानी के b. माँ के

c. दादी के d. पिताजी के

**25. दिल्ली में नौ इंच बारिश होने पर एवं घर वालों के मना करने पर भी किसने विद्यालय जाना नहीं छोड़ा?**

a. रेणु b. अचला

c. चित्रा d. मंजुल

**26. 'मेरे संग की औरतें' पाठ किस विधा में लिखी गई है?**

a. कहानी b. संस्मरणात्मक शैली

c. निबंध d. नाटक

**27. लेखिका की नानी ने अपने अंतिम समय में किसे बुलाया?**

a. प्यारेलाल शर्मा को b. अपने पुत्र को

c. अपनी पुत्री को d. अपने पति को

**28. इस पाठ में किसने बच्चों के लिए स्कूल खोला?**

a. मंजुल भगत b. लेखिका

c. राजीव d. अचला

**29. लेखिका के नाना क्या पढ़ने के लिए विलायत गए थे?**

a. एम ए b. बी ए

c. बैरिस्टरी d. इनमें से कोई नहीं

**30. लेखिका के नाना पढ़ाई करने के लिए कहाँ चले गए थे?**

a. विलायत b. अमेरिका

c. चीन d. जापान

**31. लेखिका के नाना ने किस विश्वविद्यालय से बैरिस्ट्री की डिग्री ली?**
a. रांची विश्वविद्यालय
b. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
c. हार्वर्ड विश्वविद्यालय
d. कैंब्रिज विश्वविद्यालय

**32. लेखिका के पिता ने उन्हें कौन सा उपन्यास पढ़ने के लिए दिया?**
a. ब्रदर्स कारामजोव b. प्रतिज्ञा
c. झूठा- सच d. नदी के द्वीप

**33. 'इज़हार' शब्द का क्या अर्थ होता है?**
a. निंदा करना b. तारीफ करना
c. जाहिर करना d. इनमें से कोई नहीं

**34. लेखिका एवं उसके भाई बहनों के लिए माता-पिता दोनों की भूमिका कौन निभाते थे?**
a. माता b. पिता
c. दादी d. माता एवं पिता दोनों

**35. लेखिका ने बच्चों के लिए स्कूल कहाँ खोला था?**
a. बिहार के भागलपुर में
b. कर्नाटक के बागलकोट में
c. बिहार के डालमिया नगर में
d. इनमें से कोई नहीं

**36. 'अकबकाया' का क्या अर्थ है?**
a. ललचाया b. घबराया
c. भागा d. इनमें से कोई नहीं

**37. लेखिका की बड़ी बहन का क्या नाम था?**
a. रेणु b. अचला
c. मंजुल d. चित्रा

**38. कठगुलाब, जादू का कालीन, 3 किलो की छोरी किसकी रचनाएँ हैं?**
a. मृदुला गर्ग b. मंजुल भगत
c. राजीव d. अचला

**39. लेखिका के घर में जिसके लिए मन्नत मांगी गई थी वह कौन थी?**
a. मृदुला गर्ग b. मंजुल भगत
c. रेणु d. चित्रा

**40. रेणु ने पत्र लिखकर किसका चित्र मंगवाया था?**
a. जगदीश चंद्र माथुर b. फणीश्वर नाथ रेणु
c. जनरल थिमैया d. विद्यासागर नौटियाल

**41. लेखिका की तीसरी नंबर की बहन कौन थी?**
a. चित्रा b. अचला
c. रेणु d. मंजुल

**42. बागलकोट किस राज्य में स्थित है?**
a. बिहार b. कर्नाटक
c. झारखंड d. केरल

**43. लेखिका का छोटा भाई राजीव किस भाषा में लिखते थे?**
a. हिंदी b. अंग्रेजी
c. रूसी d. इनमें से कोई नहीं

**44. किताबें पढ़ने का मुझे मिराक था यहाँ मिराक का क्या अर्थ है?**
a. बचपना b. मानसिक रोग
c. फुर्सत d. इनमें से कोई नहीं

**45. 'मोहलत' का क्या अर्थ है?**
a. अवकाश b. घबराया
c. विश्वास d. इनमें से कोई नहीं

**46. ब्रदर्स कारामजोव नामक उपन्यास के लेखक कौन थे?**
a. जयशंकर प्रसाद b. प्रेमचंद
c. दास्तोवस्की d. इनमें से कोई नहीं

**47. खरामा - खरामा का क्या अर्थ है?**
a. पीछे- पीछे b. धीरे-धीरे
c. आगे - आगे d. जल्दी-जल्दी

**48. 'मेरे संग की औरतें' पाठ में परिवार के कितने सदस्य साहित्य रचना करते थे?**
a. चार b. पाँच
c. छः d. सात

**49. लेखिका ने कर्नाटक के बागलकोट में कौन सा स्कूल खोला?**
a. हिंदी - अंग्रेजी सीखाने वाला
b. हिंदी -संस्कृत सीखाने वाला
c. हिंदी -अंग्रेजी- कन्नड़ सीखाने वाला
d. अंग्रेजी - संस्कृत सीखाने वाला

**50. लेखिका की परदादी ने मंदिर में जाकर क्या मन्नत मांगी थी?**
a. उनकी पतोहू का पहला बच्चा लड़की हो
b. उनकी पतोहू का पहला बच्चा लड़का हो
c. उनके पुत्र को नौकरी हो
d. इनमें से कोई नहीं

**51. माँ ने चोर का हृदय कैसे परिवर्तन कराया था?**
a. उसे सजा दिलाकर
b. उसे लोगों से पिटवाकर
c. एक ही लोटे में पानी पीकर तथा रिश्ता बनाकर
d. इनमें से कोई नहीं

**52. 'माकुल' शब्द का क्या अर्थ है?**
a. अच्छा b. बड़ा
c. बुरा d. इनमें से कोई नहीं

**53. लेखिका ने अपनी नानी के माध्यम से घरेलू स्त्रियों के किस रूप को दिखाया है?**
a. झगड़ालू b. घरेलू
c. त्यागमयी d. स्वतंत्रता प्रिय

**54. लेखिका की नानी और नाना के मध्य बड़ा अंतर किस कारण था?**
a. उम्र में अंतराल के कारण

b. घर में हो रहे झगड़े के कारण

c. अशिक्षा के कारण

d. अपनी सोच के कारण

**55. नानी के मन में कौन सा सपना था?**

a. देश की आजादी का b. नौकरी करने का

c. पुत्र की शादी का d. पुत्री की शादी का

**56. लेखिका के परिवार में सबको किस बात की छूट थी?**

a. अलग कमरा रखने की

b. अपनी मनमानी करने की

c. निजत्व बनाए रखने की

d. इनमें से कोई नहीं

**57. लेखिका की माँ किनके आदर्शों का पालन करती थी?**

a. महात्मा गाँधी

b. लोकमान्य गंगाधर तिलक

c. सुभाष चंद्र बोस

d. जवाहरलाल नेहरू

**58. " हम कोशिश कर सकते हैं, बशर्ते आप हमें यकीन दिलाएँ कि वह स्कूल अगले 100 वर्षों तक चलता रहेगा " यह कथन किसका है?**

a. लेखिका का b. मंजुल भगत का

c. कैथोलिक बिशप का d. राजीव का

**59. मुस्तैद का पर्यायवाची शब्द निम्न में कौन है?**

a. तैयार b. चुस्त

c. तत्पर d. उपर्युक्त सभी

**60. जैन समाज में संग्रह न करना क्या कहलाता है?**

a. असंग्रह b. अपग्रह

c. अपरिग्रह d. अग्रहण

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.b, | 2.a, | 3.c, | 4.d, | 5.a, | 6.c, |
| 7.d, | 8.c, | 9.d, | 10.b, | 11.d, | 12.b, |
| 13.a, | 14.c, | 15.d, | 16.b, | 17.b, | 18.a, |
| 19.c, | 20.a, | 21.d | 22.c, | 23.d, | 24.b, |
| 25.a, | 26.b, | 27.a, | 28.b, | 29.c, | 30.a, |
| 31.d, | 32.a, | 33.c, | 34.b, | 35.b, | 36.b, |
| 37.c, | 38.a, | 39.b, | 40.c, | 41.a, | 42.b, |
| 43.a, | 44.b, | 45.a, | 46.c, | 47.b, | 48.a, |
| 49.c, | 50.a, | 51.c, | 52.a, | 53.d, | 54.c, |
| 55.a, | 56.c, | 57.a, | 58.c, | 59.d, | 60.c |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. 'मेरे संग की औरतें' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है?**

**श्रद्धा** 'मेरे संग की औरतें' पाठ से हमें- यह शिक्षा मिलती है कि लड़कियों को भी स्वतंत्रता पूर्वक जीने का अधिकार है ।

**2. लेखिका के पिताजी उनके लिए इतने महत्वपूर्ण क्यों थे?**

**उत्तर-** वे माता एवं पिता दोनों की भूमिकाओं का निर्वाह करते थे।

**3. लेखिका की परदादी ने क्या मन्नत मांगी?**

**उत्तर-** लेखिका की परदादी ने मन्नत माँगी कि उनके पुत्र वधू की पहली संतान कन्या हो।

**4. लेखिका की माँ की नाजुकता को देखकर उनकी दादी ने क्या कहा?**

**उत्तर-** लेखिका की माँ की नाजुकता को देखकर उनकी दादी ने कहा कि" हमारी बहू तो ऐसी है कि धोई, पोंछी और छींके पर टांग दी।"

**5. लेखिका की माँ को किस चीज का जुनून था?**

**उत्तर-** लेखिका की माँ को आजादी का जुनून था।

**6. लेखिका की माँ घरबार क्यों नहीं संभाल पाती थी?**

**उत्तर-** अपनी बीमारी के चलते और उनकी अरुचि के कारण घर बार नहीं संभाल पाती थी।

**7. रेणु इत्र भेंट करने पर क्या कहती?**

**उत्तर-** " नहीं चाहिए मैं तो नहाती हूँ। "

**8. लेखिका को ब्रदर्स कारामजोव का कौन सा अध्याय याद हो गया था?**

**उत्तर-** जो अध्याय बच्चों पर होने वाले अनाचार - अत्याचार पर था वह अध्याय लेखिका को याद हो गया था।

**9. लेखिका की माँ की श्रद्धा का क्या कारण था?**

**उत्तर-** लेखिका की माँ की श्रद्धा के दो मुख्य कारण थे-

क) वह कभी झूठ नहीं बोलती थी।

ख)वह एक की गोपनीय बात दूसरे पर जाहिर नहीं होने देती थी।

**10. लेखिका की परदादी ने क्या व्रत ले रखा था?**

**उत्तर-** अगर उनके पास कभी दो से ज्यादा धोतियाँ हो जाए तो वे तीसरी दान कर देगी ।

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. लेखिका की बहन अचला का स्वभाव बताइए।**

**उत्तर-** अचला लेखिका की सबसे छोटी बहन थी उसने अपने पिता का कहना मानकर पहले अर्थशास्त्र किया , फिर पत्रकारिता में दाखिला लिया ढंग से पढ़ाई की पास की। पिता की पसंद से शादी भी कर ली पर उसके आगे लीक पर नहीं चल पाई ।घरबार में मन ज्यादा नहीं रचा और मंजुल और लेखिका की तरह तीस वर्ष के पार करते ही वह लिखने लगी।

**2. लेखिका की बहन चित्रा के बारे में बताइए।**

**उत्तर-** लेखिका की बहन चित्रा उनकी बहनों में तीसरे नंबर पर है। वह कॉलेज पढ़ने जाती तो थी पर खुद पढ़ने से ज्यादा दिलचस्पी औरों को पढ़ाने में रखती थी। इसलिए

परीक्षा में उसके अंक कम आते थे।उसकी शादी का वक्त आया तो उसने एक नजर में लड़का पसंद करके ऐलान कर दिया कि शादी करेगी तो उसी से। फिर उसने उसी लड़के से शादी की।

**3. लेखिका के नाना विलायत से वापस आने के बाद कैसी जिंदगी बसर करने लगे? इसका नानी की जिंदगी पर क्या असर पड़ा?**

**उत्तर-** लेखिका के नाना विलायत से वापस आने के बाद विलायती रीति रिवाज के संग जिंदगी बसर करने लगे। इससे नानी के रहन-सहन पर कोई असर नहीं पड़ा ना उन्होंने अपनी किसी इच्छा-आकांक्षा या पसंद-नापसंद का इजहार पति पर कभी किया।

**4. लेखिका की बहन रेणु दोपहर में स्कूल से वापसी पर गाड़ी में बैठने से क्यों इंकार कर देती?**

**उत्तर-** उसका मानना था कि थोड़ा सा रास्ता गाड़ी में बैठकर तय करना सामंतशाही का प्रतीक है इसलिए वह दोपहर में स्कूल से वापसी पर गाड़ी में बैठने से इनकार कर देती।

**5. लेखिका मृदुला गर्ग को 15 अगस्त सन 1947 को आजादी का समारोह देखने की इजाजत क्यों नहीं मिली?**

**उत्तर-** 15 अगस्त 1947 को जब हमारा देश आजाद हुआ तो दिल्ली में भव्य समारोह का आयोजन किया गया उन दिनों लेखिका बीमार थी। उन दिनों टाइफाइड खासा जानलेवा रोग माना जाता था। इसलिए लेखिका के रोने-धोने के बावजूद डॉक्टर ने उन्हें इंडिया गेट जाकर जश्न में भाग लेने की इजाजत नहीं दी। लेखिका उसी तरह रोती रही जिस तरह कोई बच्चा इकलौती गुड़िया के टूट जाने पर रोता है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. पाठ के आधार पर लेखिका की माँ और चोर की घटना का वर्णन करें ।**

**उत्तर-** लेखिका की माँ साहसी एवं निडर महिला थी। इस संदर्भ में एक घटना इस प्रकार है-

एक बार किसी शादी के सिलसिले में हवेली के सारे पुरुष बारात में गए थे। औरतें सज- धज कर रतजगा मना रही थी नाच गाने और ढोलक की आवाज के शोर में चोर कब सेंध लगाकर हवेली में घुसा किसी को खबर ना हुई पर जिस कमरे में घुसा उसमें माँ सोई हुई थी।पाँव की आहट से ही माँ की आंखें खुल गई।माँ ने पूछा, "कौन?" चोर ने कहा, "जी मैं।" माँ ने कहा, "पानी पिला। "चोर बोला, "जी मैं।" माँ ने कहा, "लोटा ले और कुएँ से पानी भर ला। पर देख, कपड़ा कसकर बाँधना और पानी अच्छी तरह छानना।" चोर बोला "मैं तो चोर हूँ।" माँ ने कहा- "हुआ करे, प्यासे को पानी तो पिला।" इस दौरान लेखिका की माँ बिलकुल नहीं घबराईं और न शोर मचाया। फिर चोर के पकड़े जाने पर उन्होंने लोटे का आधा पानी खुद पीकर, बाकी चोर को पिला दिया और कहा, "एक लोटे से पानी पीकर हम माँ-बेटे हुए। बेटा, चाहे तो तू चोरी कर, चाहे खेती।" इससे चोर का हृदय परिवर्तन हो गया और वह चोरी छोड़कर खेती करने लगा।

**2. लेखिका की माँ आम भारतीय महिलाओं से कैसे भिन्न थी ?**

**उत्तर-** लेखिका की माँ आम भारतीय महिलाओं की तरह नहीं थी। वह घर बार नहीं संभाल पाती थी कुछ अपनी बीमारी के चलते भी पर उसमें ज्यादा हाथ उनकी अरुचि का था। उन्होंने कभी भी लेखिका और उसके अन्य भाई-बहनों से लाड-दुलार नहीं किया और ना ही कभी अपने बच्चों के लिए खाना बनाया। अपनी बेटियों को अच्छी पत्नी, माँ और बहू बनने की सीख कभी नहीं दी।उनका ज्यादा समय किताबें पढ़ने में बीतता था, बाकी वक्त संगीत सुनने और साहित्यिक चर्चा में व्यतीत होता था। वे पत्नी, माँ और बहू के किसी कर्तव्य का पालन नहीं करती थी। इस तरह लेखिका की माँ आम भारतीय महिलाओं से भिन्न थी।

**3. लेखिका के परिवार में कौन-कौन किस-किस नाम से लिखता है?**

**उत्तर-** लेखिका के परिवार में उसकी बड़ी बहन रानी मंजुल के नाम से लिखती है।अपने विवाह के बाद लिखना आरंभ किया था, इसलिए अपना नाम बदलकर पति का ग्रहण किया इस तरह उनका नाम हुआ मंजुल भगत। लेखिका का घर का नाम उमा था। उसने भी शादी के बाद लिखना शुरू किया और अपना नाम मृदुला गर्ग रख लिया। सबसे छोटी बहन अचला ने अपने नाम से लिखा, वह अँग्रेजी भाषा की लेखिका है। लेखिका का छोटा भाई राजीव भी हिंदी में ही लिखता है। इस प्रकार लेखिका के परिवार के चार सदस्य लिखते हैं।